तेरे दर पे आ गये है हे श्याम अब संभालो

तेरे दर पे आ गये हैं, हे श्याम अब संभालो,
हाथ जोड़ कर प्रार्थना है, चरणों से अब लगालो...

तुमसे बड़ा दयालु, जग में ना कोई दूजा,
तुमसे मिला ये जीवन, करते हैं तेरी पूजा,
सौंपी है तुमको नैया,पतवार अब उठालो,
तेरे दर पे आ गये हैं....

चर्चे तेरी दया के, हमने सुने हैं दाता,
तेरे सिवा दयालु, कुछ भी हमें ना भाता,
रहमत को अपनी बाबा,हम पर जरा लुटालो,
तेरे दर पे आ गये हैं....

चौखट पे तेरी हमने,रखदी है अपनी अर्जी,
मानो ना मानो बाबा, आगे तुम्हारी मर्जी,
विश्वास है ये 'शिव' का,हमसे भी अब निभालो,
तेरे दर पे आ गये हैं....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27268/title/tere-dar-pe-aa-gaye-hai-hey-shyam-ab-sambhalo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |